उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 28.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 28.11.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।





# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता हेतु महोबा पुलिस द्वारा व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित...



पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 28.11.2025 को जनपद महोबा के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान थानों की पुलिस टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को महिला संबंधी अपराधों, उनकी रोकथाम, तथा शिकायतों के निस्तारण हेतु उपलब्ध सुविधाओं व हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, जिसमें वूमेन पॉवर लाइन– 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा– 112, एम्बुलेंस– 108, चाइल्ड लाइन– 1098, स्वास्थ्य सेवा– 102, महिला हेल्पलाइन– 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन– 1076, साइबर हेल्पलाइन– 1930 साथ ही उन्हें गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों की जानकारी दी गई एवं शासन द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका व उनके माध्यम से महिलाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी भी साझा की गई।

**उद्देश्य -** महोबा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत चलाए जा रहे ये जन-जागरूकता कार्यक्रम न केवल महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सजग और सुरक्षित बनने का संदेश दे रहे हैं, बल्कि समाज में नारी सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में एक सार्थक कदम हैं।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 28.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## यातायात माह एवं मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्राओं हेतु विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में यातायात माह नवंबर तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 28.11.2025 को थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, चरखारी में एक विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई।

### यातायात जागरूकता से संबंधित मुख्य बिंदु –

- छात्राओं को दैनिक जीवन से जुड़े आवश्यक यातायात नियमों, स्टॉप स्लो–गो–संकेत, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, गति सीमा का पालन, सड़क पार करने के सुरक्षित तरीके, एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।
- अधिकारियों ने कहा—“हेलमेट सुरक्षा के लिए पहनें, चालान से बचने के लिए नहीं।”
- सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु निर्देशात्मक, सूचनात्मक एवं सांकेतिक यातायात चिन्हों की महत्ता समझाई गई तथा छात्राओं को जीवन की सुरक्षा हेतु हमेशा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

### मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत जागरूकता-

कार्यशाला में छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान, थानों में संचालित महिला हेल्पडेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, तथा महिलाओं हेतु उपलब्ध सुरक्षा सेवाएं जैसे 1090, 181, 112 आदि के बारे में बताया गया। छात्राओं को आत्मरक्षा तकनीकों, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा किसी भी उत्पीड़न/संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने हेतु प्रेरित किया गया।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 28.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस लाइन महोबा में साप्ताहिक परेड का आयोजन, पुलिस अधीक्षक महोबा ने ली सलामी, शुक्रवार की परेड का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश..।

आज दिनांक 28.11.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा परेड ग्राउंड, पुलिस लाइन महोबा में आयोजित शुक्रवार साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तथा परेड का सूक्ष्म एवं प्रभावी निरीक्षण किया गया।

परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस बल की शारीरिक फिटनेस, मानसिक सजगता, अनुशासन, समन्वय एवं ड्रिल कौशल की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने उपस्थित RTC आरक्षियों एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को बेहतर शारीरिक क्षमता एवं सहनशक्ति विकसित करने हेतु सामूहिक दौड़ कराई।

उन्होंने परेड में शामिल समस्त पुलिस कर्मियों को अनुशासन, एकरूपता, समयबद्धता एवं पेशेवर दक्षता को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही, प्रशिक्षण में उच्च मानक अपनाने, टीम वर्क को प्राथमिकता देने तथा रोजाना ड्रिल अभ्यास को नियमित रूप से जारी रखने पर भी बल दिया।

इस दौरान नवागत क्षेत्राधिकारी श्री गौरव उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार सिंह, पीआरओ श्री राहुल मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधि./कर्म. गण मौजूद रहे।







प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 28.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महोबा पुलिस का साइबर हेल्प डेस्क बना गुम हुए मोबाइल की त्वरित बरामदगी का भरोसेमंद माध्यम...

आज दिनांक- 28.11.2025 को जनपद महोबा की साइबर हेल्प डेस्क थाना अजनर की सक्रिय पुलिस टीम द्वारा एक और सराहनीय कार्य किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में जनपद स्तर पर गठित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में आज थाना अजनर साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा शिकायतकर्ता राहुल पटेल पुत्र महेन्द्र प्रताप पटेल नि0 ग्राम रामूपुरा थाना अजनर जनपद महोबा का Realme मोबाइल फोन, जो कुछ समय पूर्व गुम हो गया था, सरकारी पोर्टल ceir.gov.in के माध्यम से सफलतापूर्वक बरामद किया गया। बरामद मोबाइल को विधि-विधान का पालन करते हुए शिकायतकर्ता को सकुशल सुपुर्द किया गया। पीड़ित द्वारा महोबा पुलिस की तत्परता एवं सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया।

### साइबर हेल्प डेस्क टीम–

1. प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर श्री सत्यपाल सिंह
2. व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह, 3.कम्प्यूटर आपरेटर अमित कुमार,
4. कां0 रावेश कुमार 5.म0कां0 अंशू सिंह

### जनहित में साइबर हेल्प डेस्क की अपील–

यदि किसी नागरिक का मोबाइल गुम या चोरी हो जाता है, तो वह ceir.gov.in पोर्टल के माध्यम से अपने मोबाइल को तुरंत ब्लॉक करा सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है तो वह तत्काल 1930 टोल-फ्री नंबर पर कॉल करें, साइबर हेल्प डेस्क अथवा cybercrime.gov.in पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, न ही अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी किसी अजनबी से साझा करें।

महोबा पुलिस नागरिकों की सुरक्षा एवं साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।



## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 28.11.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित उ0नि0 हर्षित मिश्रा मय हमराह हे0कां0 शिव प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त इन्द्रपाल अहिरवार पुत्र देवकीनन्दन उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम खन्ना थाना खन्ना जनपद महोबा सम्बन्धित केश नं0 82/83 सीआरपीसी व गिरफ्तारी अधिपत्र केश नं0 601970/2009 धारा 406/420 भादवि0 में मा0 न्यायालय CJ(JD)/JM महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को कस्बा खन्ना के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त–

इन्द्रपाल अहिरवार पुत्र देवकीनन्दन उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम खन्ना थाना खन्ना जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 हर्षित मिश्रा
2. हे0कां0 शिव प्रकाश सिंह

